श्री संजय कुमार सिंह, माननीय स॰वि॰स॰ से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं॰ 18/2/3759 का उत्तर प्रतिवेदनः-

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- (1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र के महिषी से सिमरी बख्तियारपुर होते हुए सलखुआ तक पूर्वी कोसी तटबंध स्थित कोसी नहर में अत्यधिक गाद जमा हो जाने के कारण पानी का प्रवाह नहीं हो पा रहा है; (2) क्या यह बात सही है कि नहर के बीच में कई जगहों पर कटाव के कारण खेतों में पानी सालों भर जमा रहता है और हजारों किसान खेती नहीं कर पाते है, साथ ही नहर में मछली पालन हेतु कई अवैध बाँध का निर्माण भी कर दिया गया है;। (3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थल पर नाहर की गाद की सफाई तथा नहर की मरम्मती कराने का विचार रखती है; हाँ तो कब तक, नही तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र के महिषी से सिमरी बख्तियारपुर होते हुए सलखुआ तक पूर्वी कोसी तटबंध से सटे कोसी नहर नही अपितु धेमरा धार है। यह धार प्रश्नगत क्षेत्रों से होते हुए कोपरिया स्लूईस गेट के माध्यम से खगडिया जिला के बेलदौर प्रखंड के निकट कोसी नदी में मिलता है। वर्तमान में वर्णित धार के जल प्रवाह के रास्ते में बाँध निर्मित नही है तथा जल निकासी सुगमता से हो रहा है। सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के ग्राम सकरा, पहाड़पुर आदि, महिषी प्रखंड के ग्राम महिषी एवं सलखुआ प्रखंड के ग्राम सितुआहा, कटघड़ा आदि का कुछ क्षेत्र लो लैन्ड ऐरिया है। इन स्थलों पर मछली पालन एवं मखाना की खेती इत्यादि कार्य किसानों के द्वारा किया जाता है। वर्तमान में वर्णित धार का गाद सफाई की आवश्यकता नही है।

PTO

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि०स०प्र०(सह०)–05–151 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 3759 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि०स०प्र०(सह०)–05–151 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि०स०प्र०(सह०)–05–151 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि०स०प्र०(सह०)–05–151 / 2026– 1961 पटना, दिनांक–04/05/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30.04.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
30/4/26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo